लोकसभा अध्यक्ष ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले बिज़नेस एडवाइजरी कमिटी की बैठक की अध्यक्षता की

नई दिल्ली; 6 दिसंबर, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज 7 दिसंबर, 2022 को शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र से पहले बिज़नेस एडवाइजरी कमिटी की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के दौरान, श्री बिरला ने नेताओं से सदन के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की। सभी नेताओं ने अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि वे लोकसभा के सुचारू संचालन में अपना सहयोग और समर्थन देंगे।

अन्य नेताओं के अलावा, बैठक में संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी; खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस; संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल और श्री वी. मुरलीधरन; वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल; श्री अधीर रंजन चौधरी, श्री फारूक अब्दुल्ला, श्री सुदीप बंद्योपाध्याय, श्री पी.पी. चौधरी और श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह उपस्थित थे।